तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

12 पुल-पुलिया, सड़क एवं भवन निर्माण की धीमी...



12 उपार्जन केंद्र की मांग को लेकर देवगांव में किसानों...






# अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### शराब पीने की दे रहे थे सुविधा दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 14 दिसंबर को शाम साढ़े बजें



छापामार कार्यवाही करते हुए दो आरोपी को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सत्यानंदपुर निवासी 59 वर्षीय लखन मंडल और छोटेकापसी निवासी 45 वर्षीय पुष्पा दास द्वारा अवैध रूप से शराब पीने वालो को शराब पीने की सुविधा दे रहा था। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### बिजली करंट से वृद्ध हुआ घायल, इलाज मिलने से पहले हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानुप्रतापपुर निवासी 54 वर्षीय बैसाखू शोरी की इलाज मिलने से पहले ही मौत हो गई। भानुप्रतापपुर निवासी 25 वर्षीय रायसिंह शोरी ने पुलिस को बताया कि बैशाखू 15 दिसंबर को बिजली करंट लगने से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## विवाद : दफन शव निकलवाने की मांग पर अड़े ग्रामीण

# बड़े तेवड़ा में शव दफनाने को लेकर बवाल, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मौके पर पुलिस-प्रशासन तैनात

आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम बड़े तेवड़ा में शव दफन की बात को लेकर धर्मांतरित सरपंच और ग्रामीणों के बीच नोक झोंक हो गई। सरपंच ने अपने पद की दबंगई दिखाते हुए गांव में अपने पिता का शव दफन कर दिया। जिसके बाद ग्रामीण दफन शव को निकालने की मांग करने लगे। गांव के तनावपूर्ण स्थिति कि जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। आक्रोशित जन समूह को पुलिस ने चैन बनाकर रोका। ग्रामीणों ने तहसीलदार से मांग किया है कि शव को निकलवाया जाए। आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े तेवड़ा में एक शव को दफनाए जाने को लेकर 16 दिसंबर सोमवार को सुबह भारी विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि ग्राम के धर्मांतरित सरपंच ने अपने पद के चलते दबंगई दिखाई और गांव में अपने पिता के शव को जबरन दफन करा दिया, जबकि ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था। इस घटना के बाद गांव में तनाव ▶▶| शेष पेज 10 पर

### तहसीलदार से की गई मांग

घटना के बाद ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार के समक्ष पहुंचा और दफनाए गए शव को नियमानुसार बाहर निकलवाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो गांव में स्थिति और बिगड़ सकती है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी रखी है।



### परंपरा और नियमों की अनदेखी का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अंतिम संस्कार को लेकर वर्षों से चली आ रही सामाजिक परंपराएं और प्रशासनिक नियम हैं, जिनका इस मामले में पालन नहीं किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच ने अपनी पद की ताकत दिखाते हुए गांव की सहमति के बिना शव को दफन करवा दिया। इससे न केवल सामाजिक सौहार्द प्रभावित हुआ है, बल्कि गांव में तनाव और असंतोष भी फैल गया है। ग्रामीणों ने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।

### पुलिस-प्रशासन मौके पर, हालात पर नजर

तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों और सरपंच पक्ष से बातचीत कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जा रही है। कानून के दायरे में ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि किसी भी तरह की कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों में महिला-पुरूष सभी रास्ते में बैठ गए और दफन किए हुए शव को निकलवाने, धर्मांतरित व्यक्ति के शव को कही बाहर ले जाने की मांग करते रहें।

### गांव में तनावपूर्ण स्थिति

फिलहाल बड़े तेवड़ा गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण अपने मांग पर अड़े हुए हैं। सरपंच पक्ष भी अपने निर्णय को सही ठहराने में लगा हुआ है। प्रशासन के लिए यह मामला संवेदनशील बना हुआ है, क्योंकि इसमें सामाजिक परंपराओं, कानून और जनभावनाओं तीनों का सवाल जुड़ा हुआ है। अब सभी की निगाहें प्रशासन के अंतिम निर्णय पर टिकी हुई हैं कि इस पूरे मामले में क्या कार्रवाई होती है और ग्रामीणों की मांगों का किस तरह समाधान निकाला जाता है।

# परलकोट में धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ी, फिर हुई मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- किसानों का कहना- खाद व बीज के लिए आवश्यक पूंजी भी नहीं मिल रही

परलकोट क्षेत्र के किसान इस वर्ष धान खरीदी की निर्धारित कम लिमिट के कारण गंभीर चिंता में हैं। रबी फसल की बुवाई की तैयारी के बावजूद वे अपना धान सरकारी केंद्रों पर बेच नहीं पा रहे हैं, जिससे उन्हें खाद और बीज खरीदने के लिए आवश्यक पूंजी नहीं मिल पा रही है। किसानों ने राज्य और स्थानीय प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग की है, अन्यथा उन्हें आशंका है कि वे समय सीमा के भीतर अपना पूरा धान नहीं बेच पाएंगे और रबी की बुवाई में भी भारी विलंब हो जाएगा।

### उच्चाधिकारियों को दी गई जानकारी : एसडीएम

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजुर टीकाराम देवांगन से बात करने पर उन्होंने बताया किसान की समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया गया है। उनके आदेश अनुसार धान खरीदी लिमिट को बढ़ाया जाएगा।

परलकोट का कृषि समुदाय इन दिनों दोहरी मुश्किल का सामना कर रहा है। एक तरफ उनकी मेहनत से उपजा धान तैयार है और वे इसे बेचने के लिए उत्सुक हैं, वहीं दूसरी तरफ खरीदी केंद्रों पर प्रति किसान निर्धारित मात्रा कम होने के कारण उनके धान का एक बड़ा हिस्सा अभी भी उनके पास पड़ा हुआ है। ज्योति शंकर, सुभाष मांडल, सुनील विश्वास,किसान शंभू बाला, बलाई मंडल, रंजन महलदार, हजारू उसेंडी, शंभू ▶▶| शेष पेज 10 पर

# परंपरा और संस्कृति को बचाए रखने के लिए छात्राओं को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- जनजाति समाज गौरवशाली अतीत पर की एक दिवसीय कार्यशाला

स्वातंत्रता संग्राम सेनानी कँगलु कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल में मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला किया गया। छात्राओं को परंपरा व संस्कृतियों को बचाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा बिरसा मुंडा, छत्तीसगढ़ महतारी, कँगलु कुम्हार, सुखदेव पातर एवं सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ हुआ। संयोजक सहा. प्राध्यापक गोविंद मंडावी एवं सह-संयोजक सहा. प्राध्यापक देवसिंह कांगे द्वारा बताया गया कि जनजाति समाज के नायकों के योगदान पर न केवल जनजाति समुदाय बल्कि पूरे देश के नागरिकों को गर्व होना चाहिए। जनजाति समाज से जुड़ी उस अवधारणा को खारिज किया ▶▶| शेष पेज 10 पर



### बिरसा मुंडा ने लड़ी थी अधिकारों की लड़ाई

मुख्य अतिथि देवेंद्र टेकाम ने कार्यशाला के दौरान कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत के एक दिवसीय कार्यशाला के अवसर पर बताना चाहूंगा कि धरती आबा के नाम से प्रसिद्ध भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ जनजातीय अस्मिता और अधिकारों की लड़ाई लड़ी थी। एक समय था जब भगवान बिरसा मुंडा और अन्य ऐसी विभूतियों का नाम इतिहास के 'गुमनाम नायकों' में था। हाल के दिनों में, मातृभूमि के लिए उनके पराक्रम और बलिदान को अधिक से अधिक लोगों द्वारा सही मायने में सराहा जाने लगा है। 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के दौरान, हमने अपनी संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का उत्सव मनाया। विजय पटेल ने जनजातीय गौरव दिवस को मनाए जाने संबंधित जानकारी प्रदान की। साथ ही आजादी के 75 वीं जयंती तथा विभिन्न जनजाति महापुरुषों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए आदिवासियों के द्वारा किया गए कार्यों को बताया कि कैसे प्रकृति का संरक्षण आदिवासियों के द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

# मांस के टुकड़े, खून व पंखों के उड़ने से परेशान ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

**कांकेर।** शहर से लगे ग्राम सिंगारभाट राइसमिलपारा के स्थानिय निवासी 16 दिसंबर

- कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने चिकन सेंटर संचालकों के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मांस के टुकड़े, मुर्गियों का खून व उनके पंख को राष्ट्रीय राजमार्ग व कही भी फेंका जा रहा है, जिससे काफी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों अपनी समस्या को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि हमारे मोहल्ले में विगत 3 वर्षों से चिकन सेंटर संचालित हो रहा है, जिसमें हमें काफी दिक्कत हो रहा है। चिकन सेंटर के कुछ मांस के बिखराव के कारण कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। मुर्गे-मुर्गियों के खून व गंदा पानी को राष्ट्रीय राजमार्ग में में फेंक दिया जाता है, जिसके कारण बदबू, आवागमन में दिक्कतों का



समाना करना पड़ रहा है। मुर्गी के पंख को कही भी फेंकने से दिक्कतें हो रहीं है। परेशानियों के समाधान के लिए आवश्यकतानुसार कार्रवाई किए जाने की सिंगारभाट की जनता ने कलेक्टर से मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत के बावजूद समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाया तो आमजन का जनजीवन प्रभावित होगा। परेशानियों से निजात पाने के लिए सिंगारभाट की जनता ने कलेक्टर से मांग की है। कार्रवाई की जाए जिससे क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को हो रही समस्याओं से राहत मिल सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान वार्ड पंच शंकर पोटाई, कमला बाई, जयंती कुंजाम, ▶▶| शेष पेज 10 पर

# नया रोजगार कानून ग्रामीणों के हित में नहीं होगा : नितिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के शासन काल में देश के ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिनों का रोजगार देने की गारंटी महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को मोदी सरकार खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए दो दशक पुरानी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा को निरस्त करके एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधेयक लेकर आ रही है, जो देश के ग्रामीण परिवारों के हित में नहीं है।

तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा जैसे ग्रामीण परिवारों को रोजगार का गारंटी प्रदान करने वाले कानून में परिवर्तन करके ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के रोजगार के अधिकार को छीन लिया है। यह योजना महज योजना नहीं बल्कि ग्रामीण परिवारों को रोजगार देने का कानून है जिसके बदलाव से अब यह खत्म हो जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिस सरकार के शासनकाल में देश में सबसे अधिक बेरोजगारी दर हो उस सरकार ने रोजगार गारंटी जैसे कानून को परिवर्तन करके बेरोजगारी दर को और आगे बढ़ाने का काम करेगी, जिससे ग्रामीण जन बेरोजगारी झेलने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून का नाम परिवर्तन करने तक मामला सीमित नहीं है। संप्रग सरकार ने इस कानून को तैयार किया था कि जब भी कोई ग्रामीण परिवार रोजगार की मांग करेगा उसे आवेदन के 15 दिनों में रोजगार उपलब्ध कराया जाता था अन्यथा उसे बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने अब वर्षा के दो माह



रोजगार नहीं देने का नियम बनाया है। इसके पूर्व भी भाजपा के शासन काल में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह ने पहले से ही नियम बना दिया था कि कृषि के मौसम में मनरेगा में रोजगार नहीं दिया जाता था। अब मोदी सरकार ने इसे पूरे देश में लागू कर रहा है, इससे ग्रामीण मजदूरों की मजदूरी घटेगी तथा उन्हें रोजगार के लिए भटकना पड़ेगा। जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी, प्रशासनिक व्यवस्था आदि में काफी बदलाव करने पड़ते हैं, जिस पर बहुत पैसा खर्च होता है, आखिर यह सब क्यों किया जा रहा है। निश्चित तौर पर यह कदम पैसे और समय दोनो की बर्बादी के साथ साथ काम के अधिकार के गांरटी को कमजोर करना है, जिससे राज्य के मजदूर प्रभावित होंगे।

## देश की सीमा की रक्षा के लिए मुस्तैद सैनिकों का सम्मान करना सबका कर्तव्य : कलेक्टर

# सैनिक कल्याण के लिए सर्वाधिक राशि दान करने वाले अधिकारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सशस्त्र सेना झंडा दिवस तथा विजय दिवस प्रतिवर्षानुसार 7 व 16 दिसंबर को मनाया जाता है। इसी क्रम में आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध में शामिल रहे, जिले के सैनिक तथा संग्राम के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों की परिजनों को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा सैनिक कल्याण कोष के लिए सर्वाधिक राशि दान करने वाले अधिकारियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर ने उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सीमा की रक्षा के लिए खुद की परवाह किए बिना 24 घंटे सजगता के साथ मुस्तैद सैनिकों का सम्मान सभी के लिए गौरव की बात है और हमारा प्राथमिक कर्तव्य भी है। सशस्त्र सेनाएं प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सदैव अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करती हैं। भारत की सशस्त्र सेना के समक्ष 7 दिसंबर 1971 को 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। इसी तरह वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए विजय हासिल की थी। शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूना पर्रियान के तहत पूर्व सैनिकों के द्वारा जिले के युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सबके समक्ष है। कलेक्टर ने सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों व अधिकारियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस और कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के संयोजक एसपी त्रिपाठी ने बताया कि कांकेर जिले से 326 सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों ने रक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दी हैं तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिए बोर्ड द्वारा आवश्यक सहयोग एवं समन्वय स्थापित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा अधिकारियों को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का स्टीकर लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डीएफओ कांकेर रौनक गोयल, अरूण कुमार वर्मा डिप्टी कलेक्टर सहित सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

**सशस्त्र सेना झंडा दिवस तथा विजय दिवस पर सैनिकों व शहीदों के परिजन भी सम्मानित**




### शॉल व श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित

1971 के युद्ध में भाग लेने वाले नायक प्यारेलाल तथा शहीद स्व. मोतीराम की पत्नी पद्मावती और शहीद स्व. अजय की पत्नी सरला को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सर्वाधिक राशि दान देने वाले विभागों के प्रमुख पुलिस अधीक्षक कांकेर, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जया मनु तथा जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### आपदा पीड़ित एक परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता की गई स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के आश्रित को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम चाउरगांव निवासी 19 वर्षीय भूपेन्द्र कुमार पुंगाटी की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित संताराम पुंगाटी और मनारी बाई के लिए संयुक्त रूप से चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।



## खबर संक्षेप

### प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 को

**भानुप्रतापपुर।** कोसरिया गांड़ा समाज की बैठक सामाजिक भवन कराठी में 14 दिसंबर को हुई। बैठक में ग्राम भानुप्रतापपुर में प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर रविवार को आयोजित करने का निर्णय लिया। प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कचलाम ने बताया कि समाज के युवक युवतियों को समाज के रीति-रिवाज से जोड़ने और समाज के बच्चों को शिक्षा, रोजगार से जोड़ने, विवाह योग्य युवक-युवती का परिचय भानुप्रतापपुर में किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कचलाम, संरक्षक रमेश कुलदीप, प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलाप्रसाद कुलदीप, सचिव आनंद माहवे, पूर्व प्रदेश सचिव रामाधार दुग्गा, जिला अध्यक्ष कांकेर धन्नूराम बघेल, जिलाध्यक्ष भानुप्रतापपुर ईश्वर टांडिया, जिलाध्यक्ष नारायणपुर ललदू बेसरा, जिला उपाध्यक्ष देवराज नाग, जिला पदाधिकारी अमृत टांडिया, क्षेत्र अध्यक्ष कराठी रवि कुलदीप, क्षेत्र अध्यक्ष साल्हे उषा कुलदीप, क्षेत्र सचिव करमोती देबीलाल मंडावी, क्षेत्र उपाध्यक्ष हाराडुला दिनेश नेताम, राजेन्द्र बेसरा जिला सचिव नारायणपुर, भकचंद कुलदीप नारायणपुर, प्रेमदास कचलाम नारायणपुर, लल्लू टांडिया क्षेत्र सचिव साल्हे, क्षेत्र अध्यक्ष मरकाटोला राजकुमार चालकी, सचिव मनीष दीपक, क्षेत्र अध्यक्ष सिंघनपुर सहदेव टांडिया, रोहिदास नाग, क्षेत्र अध्यक्ष गोंड़पाल अर्जुन टांडिया, सचिव झुमुकलाल दीपक, क्षेत्र अध्यक्ष परतापुर संतूराम नाग, क्षेत्र सचिव भीषम बघेल, क्षेत्र अध्यक्ष पेड़ावारी विनोद टांडिया सहित सगाजन उपस्थित रहे।

### संगठन कौशल का लाभ नितिन नबीन को मिला : पाण्डेय

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितीन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर बस्तर जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### अवैध धान की आवक रोकने करें सख्त कार्रवाई

# धान खरीदी कार्य को गंभीरता से करें सुनिश्चित : हरिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने मंगलवार को विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों की प्रगति की व्यापक समीक्षा समय-सीमा की बैठक के

- समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश



दौरान की। कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्थाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी कार्य को पूरी गंभीरता के साथ सुनिश्चित करें। इस दिशा में किसानों को टोकन की उपलब्धता, बारदाने की व्यवस्था, समय पर धान की तौल इत्यादि को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों के प्रतिदिन व्यवस्थाओं का संज्ञान लेकर सप्ताहांत के दिन में मौका मुआयना भी करें। किसानों के टोकन के आधार पर गेट पास ऐप में फोटो अपलोड अनिवार्य तौर पर किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि अवैध धान की आवक रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करें और इस हेतु टीम को सक्रिय रखने सहित सूचना तंत्र को मजबूत कर आवश्यक कार्रवाई निरन्तर सुनिश्चित करें। उन्होंने खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, शेड, बैठने की व्यवस्था रखने कहा और केंद्र में प्रदर्शित संपर्क नंबर सक्रिय रखे जाने के निर्देश दिए। वहीं साप्ताहिक ऑनलाइन रिपोर्ट नहीं देने वाले 19 नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी धान संग्रहण केंद्रों की तैयारियां समय पर पूर्ण करने कहा। उन्होंने कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलर्स पंजीयन, अनुबंध, उठाव की स्थिति की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने धान विक्रय करने वाले किसानों का रकबा समर्पण करने की पर जोर देते हुए कहा कि जो किसान अपनी आवश्यकता के अनुरूप धान बेच चुके हैं उनका रकबा समर्पित करवाया जाए। उन्होंने इस कार्य में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास के विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ ही मनरेगा के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, विकासखंड स्तर पर रेडी टू ईट उत्पादन ईकाई के कार्य की प्रगति और ईकाई में निर्मित खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच एवं पोषण ट्रेकर एप में एंट्री के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के उल्लास योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और जाति प्रमाण पत्र प्रदाय की स्थिति की समीक्षा की। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आधार रीडिंग एवं किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सुविधा देने प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शासकीय भवन यथा स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, पीडीएस दुकान के निर्माण हेतु भूमि आबंटन संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु एसडीएम को विशेष रूप से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अघनपुर में गंदगी का दंश, नागरिक परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम में सम्मिलित छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अघनपुर में नियमित सफाई व्यवस्था न होने से हालात

- नालियों से सड़क पर बहता गंदा पानी, आवाजाही बनी चुनौती
- दो-तीन वर्षों से शिकायतें, समाधान अब तक शून्य

लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। कॉलोनी की नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है, वहीं कई स्थानों पर सेप्टिक चैंबर ओवरफ्लो होने से दुर्गंधयुक्त पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे कॉलोनीवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामा रेसिडेंसी की नवनिर्मित इमारतों में क्यूरिंग के दौरान बहने वाला पानी और सड़क पर फैला गंदा पानी मिलकर स्थिति को और भयावह बना देता है। बच्चों,बुजुर्गों और महिलाओं के लिए फिसलन भरी सड़कें जोखिम का कारण बन रही हैं। स्वच्छता के अभाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी आशंकाएं भी गहराती जा रही हैं।

### कॉलोनीवासियों की पीड़ा

पिछले दो-तीन वर्षों से कॉलोनीवासियों ने तत्कालीन महापौर से लेकर वर्तमान महापौर, पूर्व आयुक्तों एवं वर्तमान आयुक्त तक लिखित व मौखिक शिकायतें कीं, निरीक्षण के आश्वासन मिले पर नियमित सफाई, नाली मरम्मत और सेप्टिक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। जिससे नागरिकों में आक्रोश और निराशा दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

## 21 रन देकर दीपक ने हैट्रिक के साथ 5 विकेट लेकर दिलाई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

मारुति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में मंगलवार को एक मुकाबला खेला गया।

**करपावंड ने कुम्हरावंड को हराया**



मारुति इलेवन करपावंड बनाम कुम्हरावंड की टीम के बीच मैच हुआ। कुम्हारावंड की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। 12 ओवरों में 91 रनों का लक्ष्य मारुति इलेवन करपावंड के सामने रखा। इस लक्ष्य को 8.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। जिसमें गोलू देवांगन ने 24 गेंदों में 36 रन, करण देवांगन 11 गेंदों में 29 रन और संजू देवांगन 12 गेंदों में 19 रन की पारी खेली। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे दीपक देवांगन जिन्होंने 2 ओवर में 21 रन देकर शानदार हैट्रिक के साथ 5 विकेट अपने नाम किया। इसी जीत के साथ मारुति इलेवन करपावंड की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### सुपरवाइजर पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंप कर सीएचसी किलेपाल पदस्थ सुपरवाइजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संघ के अनुसार सुपरवाइजर अक्टूबर 2024 से बिना संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर के आदेश या अनुमोदन के जिला मीडिया प्रभारी के रूप में सीएमएचओ कार्यालय जगदलपुर में कार्यरत हैं।

## किसानों के उन्नति के लिए हरसंभव करेंगे प्रयास : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास मिश्रा को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का उपाध्यक्ष बनाया गया है। किसान नेता को मिले इस जिम्मेदारी से उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। सुबह से ही लोग उनके निवास पहुंचकर इस महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और



शुभकामनाएं देते रहे। बैंक के सीईओ समेत अन्य अधिकारी भी उनके निवास पहुंचकर बुके से अभिनंदन किया। हरिभूमि से चर्चा में श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि जिला सहकारी बैंक का काम किसानों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना होता है। मैं खुद किसान हूं यह भली भांति जानता हूं कि खेती किसानी के काम में कितनी मेहनत और कृषि संबंधी सामानों की जरूरत पड़ती है। बस्तर के किसान जो पहले केवल धान की फसल लेकर बारिश के पानी पर निर्भर रहते थे।

## कलेक्टर जनदर्शन में मिले मांग और समस्याओं के 62 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 62 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। सरपंच एवं ग्रामीणजन द्वारा ग्राम पाण्डरवाही से भानुप्रतापपुर तक पक्की सड़क बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार ग्राम साल्हेभाट मे स्व-सहायता समूह के लिए भवन निर्माण कराने, ग्राम मुगवाल में नए प्राथमिक शाला निर्माण करने की

- संबंधी अफसरों को निराकृत करने के निर्देश

स्वीकृति कराने, ग्राम हल्बा में सीसी सड़क निर्माण कराने, ग्राम पंचायत डेढ़कोहका में बोर खनन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने, पीएम सम्मान निधि की राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, बिजली कनेक्शन, वेतन प्रदाय कराने भूमि आबंटन, नवीन निर्माण कार्य स्वीकृति से संबंधित विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं पर आधारित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर डीएफओ कांकेर रौनक गोयल, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय जितेन्द्र कुर्रे एवं बीएस पैकरा, अरूण कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी आस्था बोरकर सहित सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ अभिषेक भार्गव ने एमडी मेडिसिन की उपाधि प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अंचल के होनहार छात्र डॉ अभिषेक भार्गव ने चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर से प्रारंभ हुई उनकी शैक्षणिक यात्रा अब उन्हें चिकित्सा विशेषज्ञ (एमडी मेडिसिन) के रूप में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तक ले गई है। डॉ अभिषेक भार्गव ने नीट यूजी को प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण की। इसके उपरांत उन्होंने नीट पीजी परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करते हुए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर से एमडी मेडिसिन की उपाधि अर्जित की। डॉ अभिषेक भार्गव का अगला लक्ष्य नीट सुपर स्पेशियलिटी परीक्षा उत्तीर्ण कर हृदय रोग विशेषज्ञ बनना है।



इस सफलता के पीछे उनके परिवार का अहम योगदान रहा है। वे जगदलपुर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में कार्यरत डॉ राकेश भार्गव एवं आयुष विभाग में सेवाएं दे रहीं डॉ प्रेम कुमारी के सुपुत्र हैं। बड़े भाई कपिल भार्गव, जो कंप्यूटर विज्ञान में एमटेक हैं और वर्तमान में बेंगलुरु में कार्यरत हैं, को अपना आदर्श मानते हैं। माता-पिता का मार्गदर्शन, भाई की प्रेरणा और स्वयं की मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

## अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को ऋण प्रदाय लेने 31 तक मौका

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कांकेर

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण सहायता प्रदाय करने के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 48 युवक-युवतियों को ऋण सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। आवेदक को संबंधित जाति वर्ग का होना चाहिए और जिले का मूल निवासी होना चाहिए। उसकी पारिवारिक वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 01 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी नहीं होने पर सरपंच एवं पटवारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष होनी चाहिए। आवेदन के साथ जन्म तिथि अंकित 5वीं, 8वीं, 10वीं के अंकसूची, आधार, पैन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र इत्यादि की छायाप्रति के साथ पासपोर्ट साइज की दो फोटो एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी और साथ ही 10 रूपए के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लेने का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त पात्रता रखने वाले आवेदक अपना आवेदन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन के प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 6 में आगामी 31 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## कालेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ने कालेज में हो रही समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन। जिसमें महाविद्यालय खुलने के बाद

- सात दिन में मांग पूरी नहीं होने आंदोलन की चेतावनी

अनेकों समस्याए आई, जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को पूरी करने की मांग किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बताया है कि प्रवेश द्वार पर बाहरी व्यक्तियों का प्रतिबंध और चौकीदार व्यवस्था, पेय जल की उचित व्यवस्था, शौचालय की नियमित, सफाई एवं पानी व्यवस्था, पंखा एवं बिजली कनेक्शन, खराब सीसीटीवी की जांच एवं आवश्यक क्षेत्र में नए सीसीटीवी लगवाना, नियमित कूड़ादान सभी कक्षाओं व मैदान में रखने कि मांग किया गया। नगर मंत्री वेदव्यास सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय में ऐसे अनेकों समस्याएं हैं, जिसको संवाद और ज्ञापन के माध्यम से अनेकों बार महाविद्यालय प्रशासन को बताया गया। गत सात दिवस के अंतर्गत समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगी जिसका जवाबदेही महाविद्यालय प्रशासन को बताया गया।

ज्ञापन सौंपने वाले सह मंत्री हर्ष सिन्हा,प्रदीप साहू, रूबीकांगे, प्रतिमा, कार्यालय मंत्री प्रशांत गावड़े, सह कार्यालय मंत्री सौरभ जुर्री, संयोजक पंकज पाल, गूंजा देवांगन, पुष्पामणी साक्षी, अमीषा सलाम, गोदावरी, चुनिषा साहू, राकेश कुंजाम, लालिमा, पीयूष, प्रियंका साहु, टिकेश देवांगन, तृप्ति राजपूत, खुशी साहू, टीना साहू, भावना उपस्थित रहे।

## रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आदिवासी कांग्रेस द्वारा वोट

- आदिवासी कांग्रेस ने भरी हुंकार

चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस नेताओं ने भाग लेकर लोकतंत्र और आदिवासी अधिकारों की रक्षा को लेकर अपनी आवाज बुलंद किया। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समाज ने एकजुट होकर लोकतंत्र की मजबूती, जनादेश के सम्मान और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। आयोजकों ने इसे आदिवासी चेतना और एकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी, उत्तर बस्तर कांकेर जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस सुनाराम तेता, जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, आदिवासी कांग्रेस उपाध्यक्ष अमर सिंह कचलाम, उपाध्यक्ष किशोर नेताम, जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के उपाध्यक्ष आनंद तेता, गोंडवाना समाज भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष हरिचंद्र कावड़े, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चारामा कुबेर कुंजाम, प्रिया ठाकुर, सरपंच लोहतर बसंती भालेश्वर, सरपंच सिवनी उमेश्वरी मंडावी, पूर्व सरपंच तेलगरा सौरभ तारम, उपसरपंच पाऊरखेड़ा रामजी पुड़ो, पंच भोड़िया राजेंद्र उईके, धनीराम दर्रो, कृष्णा कोर्राम, कनस बघेल, छेदूराम निषाद, कैल सिंह नेताम एवं फिरतूराम रावटे उपस्थित रहे।

## पेज 09 के शेष...

### बड़े तेवड़ा में...

का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर दफन किए गए शव को बाहर निकालने की मांग को लेकर आक्रोशित हो गए। दफन हुए शव को ग्रामीण स्वयं निकालने जा रहे थे और पुलिस बल उन्हे लगातकार रोकने की कोशिश कर रही थी। अंततः पुलिस ने घेरा बनाकर आक्रोशित जनसमूह को रोका। ग्रामीणों ने दफन किए शव को शाम तक विधिवत बाहर निकलवाने की बात कही थी। जानकारी मिलने पर मौके पर आमाबेड़ा थाना पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया।

### परलकोट में धान...

बाला, गोपाल, किशोर, राकेश कुमार ने बताया कि रबी फसल के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। हमें अपने खेतों की जुताई करानी है और सरसों, चना या गेहूं के लिए खाद और बीज खरीदना है। जब तक हम अपना धान नहीं बेचेंगे, हमारे पास पैसे नहीं आएंगे। बैंक और सहकारी समितियां भी हमें तब तक ऋण नहीं दे सकतीं जब तक कि हम धान की बिक्री का प्रमाण न दिखा दें। कई किसान अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय साहूकारों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेने को मजबूर हो रहे हैं, जो उनकी आय को और भी कम कर देगा। वास्तविक उपज से लिमिट कमः- किसान अरविंद, श्यामल यादव का कहना है कि वर्तमान लिमिट उनकी वास्तविक उपज के अनुपात में बहुत कम है। तत्काल प्रभाव से धान खरीदी की लिमिट में पर्याप्त वृद्धि करने के लिए शासन और प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। यदि लिमिट को शीघ्र नहीं बढ़ाया गया, तो धान खरीदी की निर्धारित समय-सीमा समाप्त हो जाएगी। इसके बाद बचा हुआ धान या तो किसानों को ओने-पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचना पड़ेगा या फिर उन्हें अगले सीजन तक भंडारण करना पड़ेगा, जिससे उनकी लागत और चिंताएं बढ़ जाएंगी। अंजना यादव ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों पर लंबी कतारें लगी हुई हैं और टोकन मिलने में भी देरी हो रही है। अगर लिमिट नहीं बढ़ी तो हमारा धान खेत में ही पड़ा रह जाएगा। हम सरकार से अपील करते हैं कि वे हमारी परेशानी को समझें और इस मामले में जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लें।

### परंपरा और संस्कृति...

जिसमें इसे पिछड़ा और असभ्य कहा जाता रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढ़ाई ने कहा कि जनजाति समुदाय की सामाजिक व्यवस्था तथा अरण्य संस्कृति से हमें प्रकृति की रक्षा का संदेश मिलता है। मुख्य वक्ता डॉ. विजय बेसरा ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत एक समृद्ध और विविध इतिहास है जो उनकी संस्कृति, परंपराओं और योगदान को दर्शाता है। जनजातीय गौरव दिवस रीति-रिवाज, परंपराएं विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया गया। भगवान बिरसा मुंडा, वीर गुंडाधुर, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, के साहस और बलिदान के बारे में बताया कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में शासन व्यवस्था संभालने के साथ ही देश की स्वतंत्रता आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाई। शहीद वीर नारायण सिँह, गैंद सिँह नायक, तिलका मांझी, इंदरू केवट, कँगलु कुम्हार, सुखदेव पात्र जैसे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीदों का उल्लेख किया गया। जनजातीय समाजों में समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं हैं, जिनमें नृत्य, संगीत, कला और लोककथाएं शामिल हैं।

### मांस के टुकड़े...

अशोक पटेल, जीवन नेताम, प्रेम लाल नेताम, लेखबती प्रधान, देवकी, फुलबाई, जानो बाई, नवली, नरदा राम, उत्तम नेताम, भरत राम नेताम, तामीनी, राजीम व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विश्व हिंदू परिषद ने कराया हिंदू सम्मेलन



**बचेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में 14 दिसंबर को सनातन संगम का आयोजन किया गया। विगत एक माह से विश्व हिंदू परिषद के सदस्य तथा स्वयंसेवक द्वारा बचेली नगर के समस्त हिन्दू परिवार के घर-घर जाकर इस कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया था। कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर पालिका क्षेत्र के मातृशक्ति द्वारा जशगीत की भक्तिमय प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में गुमरगुंडा आश्रम से स्वामी प्रेमस्वरूपानंद ने समाज को संबोधित किया। स्वामी ने समाज में पांच परिवर्तन हो ऐसा आग्रह किया। परिवार में संस्कार को बल दिया गया। पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक दायित्व और स्वदेशी को प्रमुखता से अपने जीवन अपनाने को कहा। हिंदुत्व ही राष्ट्रीयता का परिचायक है, देश के जिस क्षेत्र से हिंदु समाज कमजोर होता है वह देश से अलग हो जाता है। कार्यक्रम में मनीष गुरु, खंड संघचालक, विकास अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक सहित अन्य गण मान्य जन उपस्थित रहें। कार्यक्रम के पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

### जनसमस्या निवारण शिविर का वार्षिक कार्यक्रम जारी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में जनसमस्या निवारण शिविर 2025-26 का वार्षिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह शिविर दिसंबर से दिसंबर 2026 तक जिले के विभिन्न विकास खंडों की चयनित ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार दिसंबर में विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम पंचायत महराकरका 17 दिसंबर एवं कुआकोण्डा के श्यामगिरी 24 दिसंबर में शिविर आयोजित होंगे। जनवरी में दंतेवाड़ा विकासखंड के दुगेली 8 जनवरी तथा कुआकोंडा के मदाडी 21 जनवरी में शिविर होंगे। फरवरी माह में गीदम के पाहुरनार 5 फरवरी एवं कटेकल्याण के गुड़से 18 फरवरी में शिविर प्रस्तावित हैं।

## निधन

### ठाकुर बृजेंद्र सिंह भदौरिया

**जगदलपुर।** नयापारा निवासी ठाकुर बृजेंद्र सिंह भदौरिया पुत्र स्वर्गीय विशंभर सिंह भदौरिया का



आकस्मिक निधन सोमवार को दोपहर में हो गया। मंगलवार को अंतिम संस्कार इंद्रावती नदी के किनारे मुक्तिधाम में किया गया। दोपहर 2 बजे अंतिम यात्रा निवास से निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग, राजनीतिक, व्यवसायी, पत्रकार सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। मुक्तिधाम में हुई शोक सभा में 2 मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति की कामना की गई। वे 3 पुत्र बृजेश सिंह भदौरिया (नीटू), राजेश सिंह भदौरिया (बिट्टू), देवेश सिंह भदौरिया (सोनू) समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# सदियों पुराना लचित बोहरानी कार्यक्रम श्रद्धा के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

ग्राम घाटलोहंगा में पीला बाई माता महा माई कंकालीन के अनुमति से इंगलाजीन फिरनता, परदेसीन माता, इगलजिन माता

■ **बड़ी संख्या में ग्रामीणजन रहे उपस्थित**

के निगरानी सदियों से चली आ रही पारंपरिक आस्था लचित बोहरानी कार्यक्रम का आयोजन पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर पीला बाई माता गुड़ी परिसर में महामाई झंडा प्रांगण से गांव में व्याप्त दुष्ट शक्तियों, माता-बीमारियों एवं अन्य समस्याओं के निवारण की कामना की गई।

परंपरा के अनुसार ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों से टूटे-फूटे टुकना, सूपा, झाड़ू आदि सामग्री एकत्र कर माता गुड़ी परिसर में ढेर किया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-पाठ, हवन एवं विशेष अनुष्ठान कर बोहरानी की रस्म संपन्न कराई गई। मान्यता है कि इस अनुष्ठान से गांव में फैली



नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है तथा सुख-समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य का आगमन होता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महामाई झंडा को विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर तेतरखूंटी तक पहुंचाया गया। इस दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और हर वर्ष सामूहिक सहभागिता से इसका आयोजन किया जाता है, जिससे गांव में आपसी भाईचारा, शांति और खुशहाली बनी रहती है। इस अवसर पर ग्राम पुजारी अलदेव बघेल, माटीपुजारी मनीराम बघेल, सरपंच पति कमल भद्रे, उपासरपंच यमुना तिवारी, कोटवार सिराह इंगलाजीन फिरंता असवारी गदाधर ठाकुर, इंगलाजीन माता असवारी बलराम राम बघेल, परदेसीन बाऊडी असवारी बामदेव बघेल, यसवंत तिवारी, मन्ना प्रसाद तिवारी, फूलसिंग बघेल, गंगा तिवारी, बुलकु बघेल, सुखनाथ ठाकुर, गोपी नाग, सुलधर नांग, गिरिसिंग नांग एवं समस्त ग्रामीण उपस्थिति थे।

## पेदाबोड़केल में सुरक्षा कैंप स्थापित

# चिंतलनार, रायगुडेम मार्ग कनेक्ट नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति और विकास लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस प्रशासन ने ग्राम पेदाबोड़केल में एक नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किया है। यह स्थापना छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार आपका अच्छा

■ **सड़क, पानी, स्वास्थ्य से हो पाएंगे लाभान्वित**

गांव आपका अच्छा जंगल के तहत की गई है। जिसका उद्देश्य सुदूरवर्ती ग्रामीणों को विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है। इस नए कैंप की स्थापना से चिंतलनार से रायगुडेम मार्ग सीधा जुड़ गया है, जिससे दोनों स्थानों के बीच की दूरी काफी कम हो गई है। सुरक्षा कैंप की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा




का वातावरण सुदृढ़ होगा और ग्रामीणों को सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, पीडीएस दुकानें, बेहतर शिक्षा और मोबाइल कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाओं से सीधे लाभान्वित होने का अवसर मिलेगा।

### प्रमुख अधिकारियों का प्रयास हुआ सफल

एसपी किरण चव्हाण के निर्देशन में और बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, यह कैंप 10 दिसंबर को स्थापित किया गया। नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकासात्मक कार्यो में तेजी लाने कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा, आनंद राजपुरोहित उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ सुकमा के मार्गदर्शन एवं नीरज सिंह राठौर, कमांडेंट 223 बीएन सीआरपीएफ, अमित चौधरी कमांडेंट कोबरा 201 का विशेष सहयोग रहा।

इस कदम को माओवादियों के विरुद्ध एक बड़ी रणनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पेदाबोड़केल जैसे अति संवेदनशील माओवाद प्रभावित क्षेत्र में कैंप की स्थापना से नक्सल विरोधी अभियानों में तेजी आएगी, जिससे क्षेत्र के आम-जन के जीवन में शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा मिलेगी।

### नियद नेल्लानार योजना का बड़ा असर

वर्ष 2024 से अब तक जिला सुकमा में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 22 नवीन कैंपों की स्थापना की जा चुकी है जिनमें टेकलगुड़ेम, रायगुडेम, गोलाकोण्डा और अब पेद्दाबोड़केल भी शामिल है। इस पहल ने नक्सल उन्मूलन में अभूतपूर्व तेजी लाई है। वर्ष 2024 से अब तक 599 नक्सलियों ने नक्सल विचारधारा को त्यागकर आत्मसमर्पण किया है। सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 68 माओवादियों को मार गिराने और 460 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।नए सुरक्षा कैंपों की लगातार स्थापना से क्षेत्र के आम-जन में उत्साह का माहौल है, जो यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ शासन की यह रणनीति, विकास और सुरक्षा के बल पर, नक्सलवाद को उसकी जड़ों से खत्म करने में सफल हो रही है।

## सीसी सड़क निर्माण के लिए नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

नगर पालिका परिषद किरंदुल में मंगलवार को प्रसाद वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीसी रोड निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। यह कार्य क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ किया जा रहा है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका की अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह और वार्ड पार्षद गोपीनाथ हरिजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बबलू सिद्दकी, पार्षगण एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही।बता दे कि रोड अत्यधिक क्षतिग्रस्त था जिसके तहत नवीन रोड का निर्माण कराया जा रहा है जो वार्ड पार्षद के घर के पास स्थित पुलिया से लेकर मोहल्ला के अंतिम छोर तक बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि "नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, और यह कार्य उसी श्रृंखला का हिस्सा है। वार्ड पार्षद गोपीनाथ हरिजन ने भी भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में अध्यक्ष के अनुशंसा से वार्ड में और भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि जनहित ही हमारी प्राथमिकता है। नागरिकों ने विकास कार्यों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हितग्राहियों को किस्तों का भुगतान जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य लगातार प्रगति पर है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शी भुगतान प्रणाली के माध्यम से अब तक कुल 7 हितग्राहियों को रुपये 4.89 लाख की अनुदान राशि का भुगतान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। आगामी चरण में कुल 5 अतिरिक्त हितग्राहियों को अनुदान राशि का भुगतान किए जाने हेतु संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय में बिल प्रेषित कर दिया गया है। यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद कों पीएमजीएसवाय 2.0 योजना के तहत 32 आवास स्वीकृत किए गए थे। इस क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बीएलसी (प्रथम चरण) तथा पीएमजीएसवाय 2.0 के तहत निर्माणाधीन सभी आवासों में नियमानुसार निर्माण प्रगति होने पर, यथा नींव, लिंटल, छत एवं पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होगा, उसी अनुरूप शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके साथ ही कुछ हितग्राहियों के आधार सीडिंग, बैंक खाता लिंकिंग से संबंधित तकनीकी समस्याएँ सामने आई हैं, जिनके समाधान हेतु नगर निकाय द्वारा संबंधित विभागों एवं बैंकों के समन्वय से निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को अनुदान प्राप्त करने में कोई बाधा न आए। नगरपालिका परिषद अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से योजना का लाभ देने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## व्यापारी संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी से की मुलाकात



**दंतेवाड़ा।** नगर में रोड के किनारे अवैध रूप से लगा रहे दुकानों को नगर पालिका द्वारा चिन्हित क्षेत्र में लगाने के लिए मांग की गई एवं अंदर गांव में जाने वाले फेरी वालों की सूची दंतेवाड़ा थाने में आवश्यक रूप से लिखवाने के लिए कहा गया है। जिसमें वह अपना परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेज सौंपेंगे। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने भी इस बात पर सहमति जताई कि दंतेवाड़ा बाईपास पुल टूटने की वजह से नगर में हैवी ट्रैफिक है। जिसके कारण एक्सीडेंट होने की संभावना बहुत प्रबल है। इसलिए दंतेवाड़ा नगर में व्यवस्थित रूप से दुकानों को लगाने का कार्य किया जाएगा इस मुलाकात में सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष सुरेश कर्मा बल्लू भवानी व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज सुराणा, प्रमोद गुप्ता, अमित, पुष्पराज, पटेल अंकज, चंदाराम, शनतनु, साजिद, पारख एवं संघ के सदस्य सम्मिलित हुए।

## पीएम आवास योजना से साकार हुआ पक्का घर का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले के विकासखंड जनपद पंचायत गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत जावंगा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने एक गरीब परिवार के जीवन को नई दिशा दी है। ब्लॉक मुख्यालय से मात्र 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत जावंगा के निवासी ब्रिजेश वेको वर्षों से कृषि एवं मजदूरी के सहारे अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। सीमित आय और कठिन परिस्थितियों के चलते पक्का मकान बनवाना उनके लिए एक दूर का सपना था। ब्रिजेश वेको का पुराना घर पूरी तरह कच्चा था। कच्ची दीवारें और छप्पर की छत बरसात के मौसम में परिवार की सबसे बड़ी परेशानी बन जाती थीं। बारिश होते ही छत से पानी टपकने लगता था, जिससे घर के भीतर रहना मुश्किल हो



जाता था। कई बार रातें जागकर गुजारनी पड़ती थीं और बच्चों व परिवार के सदस्यों को असुरक्षित हालातों में रहना पड़ता था। ऐसे हालातों में जीवन यापन करना किसी संघर्ष से कम नहीं था। 2024-25 में जब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची में ब्रिजेश वेको का नाम शामिल हुआ तो उनके परिवार के लिए यह किसी सौगात से कम नहीं था। योजना के अंतर्गत उन्हें आवास निर्माण हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। इस आर्थिक सहयोग ने उनके वर्षों पुराने सपने को हकीकत में बदल दिया। आवास निर्माण पूर्ण होने के पश्चात 4 मार्च को ब्रिजेश वेको को पक्का, मजबूत और सुरक्षित घर मिला। अब बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने की चिंता नहीं रही। पक्का आवास मिलने से परिवार का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और भविष्य को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। बच्चों की पढ़ाई और परिवार के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने ब्रिजेश वेको जैसे जरूरतमंद परिवारों को केवल पक्की छत ही नहीं दी, बल्कि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की नई पहचान भी प्रदान की है।

# बंडा दिखाकर भय उत्पन्न करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

आम जनता को बण्डा दिखाकर भय उत्पन्न करने वाले आरोपी संतोष झाड़ी पिता स्व. समैया झाड़ी उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 1 बोटीपारा बचेली को पुलिस गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दे रहा था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बचेली में प्रार्थी द्वारा 15 दिसम्बर को थाना में उपस्थित होकर बोटीपारा बचेली का रहने वाला संतोष झाड़ी को दोपहर में प्रार्थी के घर के सामने बण्डा लेकर लहराते हुये गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। रिपोर्ट पर थाना बचेली




में अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में आरोपी संतोष झाड़ी को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ कर एक नग लोहे का बण्डा जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी थाना बचेली में अपराध दर्ज है। आरोपी आदतन अपराधी है जिसे 16 दिसम्बर को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में अधिकारी-कर्मचारी में निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव, उप निरीक्षक रूपेश नारंग, उप निरीक्षक रामकुमार जैन, सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन निर्मलकर व आरक्षक गजेन्द्र ध्रुव थाना बचेली शामिल रहे।

## सीनियर छात्रा टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया मान

# जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

बस्तर ओलंपिक के भव्य समापन समारोह में दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर जिले को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और खेल भावना का उत्सव मनाया गया। समापन समारोह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्रीगणों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। समारोह के दौरान अतिथियों ने बस्तर अंचल के युवाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि खेल




न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है। बस्तर ओलंपिक में दंतेवाड़ा जिले ने कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, हॉकी एवं रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में सीनियर छात्रा वर्ग में रजत पदक एवं सीनियर छात्र वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। वॉलीबॉल में सीनियर छात्रा टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया, जबकि सीनियर छात्र टीम ने रजत तथा जूनियर छात्र टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। खो-खो में जूनियर छात्र टीम को रजत एवं सीनियर छात्र टीम को कांस्य पदक मिला। हॉकी में जूनियर छात्रा टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं रस्साकसी में सीनियर छात्रा टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर जिले के पदक खाते में इजाफा किया।

समापन समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि दंतेवाड़ा के खिलाड़ी आने वाले समय में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अन्य खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

# सुशासन दिवस पर होंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में नये खोले जाने वाले प्रस्तावित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संबंध में कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को व्यापक और अधिक लाभकारी एवं सुविधाजनक बनाने हेतु नवीन पीडीएस दुकान खोले जाएगें। इसके अंतर्गत खाद्य विभाग पीडीएस दुकान आवश्यकता वाले ग्राम पंचायतों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिष्चित करें। इस संबंध मेंषासन के निर्देषनुरूप पीडीएस दुकान प्रारंभ करने के मानक अनुसार ग्राम पंचायतों की सूची का निर्धारण करें। शिक्षा विभाग से संबंधित मूल स्थान से अन्यत्र शिफ्टिंग हुए शालाओं को पुनः मूल स्थान से ही संचालन बाबत विषय पर कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा एवं आदिवासी विकास शाखा द्वारा इस संबंध में तुरंत आवश्यक कार्यवाही करें। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने बताया कि ई ऑफिस प्रणाली के संबंध में राज्य शासन के निर्देशानुसार शासन के डिजिटलीकरण किए जाने के दिशा में अब जिले के सभी कार्यालयों में फ़ाइलों दस्तावेजों और




पत्राचार नोटशीट का प्रबंधन डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा। और इस प्रकार आगामी माह जनवरी से कार्यालयों में ऑनलाइन पत्राचार, नोटशीट फाइलें आदान प्रदान की प्रक्रिया पर प्रतिबंध, लागू हो जाएगा। ई ऑफिस प्रणाली तहत कार्यालयीन कार्यों में फाइलों की ट्रैक रिपोर्टिंग जैसी सभी गतिविधियां ऑनलाइन ही होगीं। इसके लिए संबंधित विभाग सभी आवश्यक तैयारियां, स्कैनर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। आगामी 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अंतर्गत सुशासन दिवस के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद पंचायतों में सुशासन शिविर का आयोजन कर आमजनों के आवेदनों एवं समस्याओं का निदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### महानदी जेसीबी यूनियन भानुप्रतापपुर की हुई बैठक

**भानुप्रतापपुर।** जेसीबी यूनियन भानुप्रतापपुर की आवश्यक बैठक चौपटी ग्राउंड में रखी गई थी, जिसमें संघ के आवश्यक मुद्दों के साथ ही आगामी दिनों में होने वाली जिला स्तरीय जेसीबी संघ की होने वाली बैठक के बारे में भी चर्चा की गई। उपरोक्त बैठक में संघ के अध्यक्ष बजरंग उसेंडी, उपाध्यक्ष राजकुमार कौड़ो, कोषाध्यक्ष अजय यदु, सचिव अनुप चौधरी, सहसचिव कार्तिक राम पटेल, राजू नायक, टीकम जैन, सत्यभान शोरी, हेमप्रकाश यदु, करण नरेटी, महेश पटेल, लक्ष्मण टेकाम, लच्छू ध्रुव, कमल ठाकुर, उमेश नेताम, जानसिंह उइके, बिट्टू साहू, बबलू धनकर, रोयदु उइके, दीनदयाल नरेटी, महेश महेलांगे, वासु कोला एवं अन्य सभी सदस्य मौजूद रहे।

### घायल की इलाज के दौरान मौत होने पर विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत निजी अस्पताल पखांजुर में इलाज के लिए लाए छोटेबेठिया निवासी 55 वर्षीय संध्या शिकारी की मौत हो गयी। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अधिक चोट आने की वजह से इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग ने घर में फांसी लगाकर दे दी जान

**कांकेर।** चौकी दुधावा अंतर्गत दुधावा निवासी 65 वर्षीय कनस राम नेताम ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। दुधावा निवासी नंद किशोर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 15 दिसंबर को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### वार्ड क्रमांक 12 आजाद नगर में अखिल को दी गई श्रद्धांजलि



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर नगर के युवा समाजसेवी मृदुभाषी मिलनसार अर्जुन कंस्ट्रक्शन एवं ओम बिल्डर्स के मालिक ठेकेदार अखिल सिंह राठौर को 15 दिसंबर को नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 12 आजाद नगर में समस्त वार्डवासियों ने पार्षद राजिंदर रंधावा के साथ मिलकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया। उसके बाद उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ नागरिक शंकर यादव ने उनके बारे में किए गए कार्यों को लेकर शोक सभा में बताया और अपनी गहरी शोक सावेदनाएं व्यक्ति की। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद राजेंद्र जिंदा रंधावा ने उनके बारे में बताते हुए भावुक हुईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आजाद नगर वार्ड क्रमांक 12 के महिला पुरुष युवा बच्चे शामिल हुए।

**बैठक :** एसआईआर, धान खरीदी, ई-ऑफिस व निर्माण कार्यों की समीक्षा

# पुल-पुलिया, सड़क एवं भवन निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर लंबित प्रकरणों एवं कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों, भवन तथा अन्य अधोसंरचना के कार्यों की जानकारी ली। निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने एसआईआर, वर्तमान में धान खरीदी की स्थिति तथा ई-ऑफिस में प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुर्रे ने बताया कि बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे कार्य अंतिम चरण में है तथा 18 दिसम्बर तक इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीएलओ एवं बीएलओ स्तर का कार्यवाही विवरण अभी जारी है। इसी तरह ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालयीन कार्यवाही के संबंध में बताया गया कि ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर तेजी आने पर जिले की रैंकिंग बढ़ जाएगी। धान खरीदी की प्रगति के संबंध में कलेक्टर द्वारा पूछे जाने पर खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 01 लाख 27 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी पूर्ण हो चुकी है, जो गत वर्ष की तुलना में 105 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान में जिले में बारदाना पर्याप्त मात्रा में है। उन्होंने बताया कि जिले में 01 लाख 01 हजार 203 पंजीकृत किसान हैं, जिनके द्वारा 01 लाख 39 हजार 728 हेक्टेयर पर ली गई धान की फसल का विक्रय किया जा रहा है। यह भी बताया गया कि जिले के 149 धान खरीदी केंद्रों में लगभग 23 प्रतिशत धान की खरीदी की जा चुकी है। जिले के 04 हजार 640 किसानों के द्वारा 948.450 हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया गया है। जिले के किसानों द्वारा टोकन लिमिट बढ़ाए जाने की मांग पर कलेक्टर ने कहा कि 31 जनवरी 2026 तक के लिए किसानों को टोकन जारी किया जा रहा है तथा इसके बाद भी किसानों का धान बच जाता है तो इस संबंध में शासन स्तर पर किसानों के हित में यथोचित निर्णय लिया जाएगा। जिले के दूरस्थ विकासखण्डों में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के पुराने स्वीकृत कार्यों के अब तक पूर्ण नहीं होने पर असंतोष जाहिर करते हुए इन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर डीएफओ रौनक गोयल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### विभिन्न योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यधारा में लौटे माओवादियों के पुनर्वास नीति के तहत सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपयुक्त कार्यवाही करते हुए सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इसके अलावा कलेक्टर ने एलडब्ल्यूई सर्वे, एनसीएईआर सर्वे, पोषण पुनर्वास केंद्र, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक अंकेक्षण, अटल डिजिटल सेवा केंद्र, पीएम किसान सम्मान निधि, डिजिटल क्रॉप सर्वे, अविवादित खाता विभाजन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर जोर दिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## भानुप्रतापदेव कालेज में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

शासकीय भानुप्रतापदेव स्नात्तकोत्तर कालेज में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सभी विद्यार्थियों से मिलकर इस विषय पर बातचीत कर उन्हें अपना समर्थन अपने हस्ताक्षर के माध्यम से देने के लिए आग्रह किया गया। देश में प्रत्येक वर्ष कहीं ना कहीं किसी न किसी राज्य में चुनाव की प्रक्रिया चल ही रही होती है। हम जानते हैं की छत्तीसगढ़ में रहते हुए भी हमें विधानसभा उसके बाद लोकसभा की नगरी निकाय पश्चात पंचायत चुनाव को देखना पड़ता है। इस दौरान लगने वाले आचार संहिता से सारे काम रुक जाते हैं, जिसका नुकसान आमजन को ही चुकाना पड़ता है और अलग-अलग समय पर होने वाले चुनाव से देश की आर्थिक बर्बादी का आकलन भी किसी से छुपा नहीं है। सन 1967 तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी, किंतु बाद में अलग-अलग राज्यों के विधानसभा भंग होने और अन्य परिस्थितियों के चलते, जिसमें अंतर आ गया चुनाव की प्रक्रिया में लगने वाला सुरक्षा और अन्य कार्यवाही में होने वाला खर्च यदि एक साथ चुनाव होगा तो निश्चित ही इसका लाभ देश की जनता को मिलेगा वह पैसा जनकल्याणकारी योजनाओं में लग सकेगा। इन सभी बातों को लेकर महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के जिला संयोजक रोशन साहू और सह-संयोजक अमन जैन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है।

## राज्यस्तरीय मानस गान उत्सव को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



ग्राम पंचायत बासनवाही के आश्रित ग्राम छापरपारा में विगत 14 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे राज्यस्तरीय मानस गान उत्सव को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष भी उत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 17 से 19 जनवरी तक त्रिदिवसीय राज्यस्तरीय मानस गान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य उड़ीसा से भी प्रसिद्ध मानस मंडलियां अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां देंगी।

मानस शक्ति केंद्र सालेटोला के अध्यक्ष प्रदीप सर्वा ने कहा कि भले ही छापरपारा एक छोटा सा गांव है, लेकिन यहां की एकता, संगठन और सांस्कृतिक चेतना इसे विशेष पहचान दिलाती है। यही कारण है कि यह मानस गान उत्सव अब क्षेत्र की एक सशक्त सांस्कृतिक परंपरा और पहचान बन चुका है। सचिव सुरेंद्र पटेल एवं संरक्षक कर्णकुमार साहू ने भी ग्राम छापरपारा की एकजुटता और बेहतर संगठन की सराहना की। मानस समिति के अध्यक्ष हरलाल नेताम ने कहा कि यह मानस गान उत्सव न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, बल्कि इससे क्षेत्र में सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक चेतना को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आयोजन को सफल बनाने में तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की।

बैठक में संरक्षक कर्ण कुमार साहू, मानस गान उत्सव छापरपारा के अध्यक्ष हरलाल नेताम, सचिव तुलेश्वर साहू, पुनीत दास वैष्णव, सगरदास वैष्णव, लोकनाथ साहू, चन्द्रभान साहू सुकचंद ध्रुव ठाकुर राम साहू, कनक कश्यप, घासु राम कश्यप, पुरुषोत्तम साहू, गिरवर साहू, बहुर राम साहू, टिकेश साहू, प्रफुल नेताम, सुदामा मरकाम उपस्थित रहे।



### उपार्जन केंद्र की मांग को लेकर देवगांव में किसानों का आक्रोश

**कांकेर।** ग्राम देवगांव में धान उपार्जन केंद्र नहीं खुलने से किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इस संबंध में ग्रामवासियों एवं किसानों की एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र ही गाँव में नवीन धान उपार्जन केंद्र की स्वीकृति नहीं दी गई, तो ग्रामीण आंदोलन एवं चक्काजाम करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि देवगांव एक बड़ा कृषक बहुल गाँव है, जहाँ किसानों की संख्या अधिक है। उपार्जन केंद्र के अभाव में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दावेना स्थित केंद्रों पर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें परिवहन में परेशानी और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वे लंबे समय से उपार्जन केंद्र की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में मुख्य मार्ग पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

## लोहत्तर में विवान स्मृति कप 2025 का शुभारंभ, 32 टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



ग्राम लोहत्तर में पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के तत्वाधान में विवान स्मृति कप 2025 का शुभारंभ बड़े उत्साह, खेल भावना और जनभागीदारी के साथ किया गया। यह पाँच दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता क्षेत्र के युवाओं और उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखी जा रही है। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में खेल प्रेमियों के बीच खासा उत्साह व्याप्त है। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के संरक्षक जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने की तैयारियाँ की गई हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एसएस नेगी उपस्थित एवं विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार साहू, लक्ष्मीनारायण नामदेव, ग्राम लोहत्तर एवं सिलपट के ग्राम गायता एवं पटेल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रितेश कुमार नाग द्वारा की गई। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन युवाओं को नशे और गलत दिशा से दूर रखते हुए खेल एवं अनुशासन की ओर अग्रसर करते हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह टीम भावना, नेतृत्व और आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है। आयोजकों द्वारा विजेता दल के लिए 51,000, उपविजेता के लिए 31,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम के लिए 21,000 रूपए की आकर्षक पुरस्कार राशि घोषित की गई है, जिससे खिलाड़ियों में अतिरिक्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पंचायत और ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना तथा युवाओं में खेल के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## पीएमश्री सेजेस में हुआ मृदा स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम



**दुर्गुकोंदल।** स्वाइल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालय पीएमश्री सेजेस स्कूल दुर्गुकोंदल में मृदा स्वास्थ्य पर आधारित एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कोमल सिंह केराम ने मृदा जांच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण के माध्यम से खेत की वास्तविक पोषक स्थिति की जानकारी मिलती है, जिससे फसल के अनुसार संतुलित उर्वरकों का प्रयोग संभव हो पाता है। उन्होंने स्वाइल हेल्थ एवं फर्टिलिटी के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक खाद, हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं जैविक कीटनाशकों के उपयोग की उपयोगिता को सरल भाषा में समझाया। साथ ही उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी। निरंजन नरेटी कृषि विकास अधिकारी द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रमों एवं किसानों के लिए उपलब्ध तकनीकी सहायता की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा किसानों को मृदा सुधार हेतु निरंतर मार्गदर्शन एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर किसान उत्पादन के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी बनाए रख सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में मृदा संरक्षण को लेकर विशेष रुचि देखने को मिली। प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ-साथ कृषि और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करते हैं। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में अशोक जैन, बेनूराम मरकाम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, मनोहर चंद्रवंशी ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी, विश्वदेव बंजारा ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर तथा बलवंत बघेल असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर की उपस्थिति रही।

## प्रो कबड्डी का महाकुंभ रावस में होगा 25 से

**सरोना।** तहसील के अंतर्गत अंतिम छोर पर बसे ग्राम रावस में जय मां शीतला शक्ति युवा जागरण समिति के तत्वावधान में चतुर्थ वर्ष एक दिवसीय डे-नाइट पंचायत स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 25 दिसंबर से आयोजित होगी। ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन लगातार चौथे वर्ष किया जा रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत रावस के सरपंच शिवलाल मंडावी करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रो कबड्डी प्रतियोगिता में पंचायत स्तर की कई टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। डे-नाइट प्रारूप में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में दिन और रात दोनों समय रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजन को और आकर्षक बनाने के लिए विजेता और उपविजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 8001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2000 रुपए तथा पंचम पुरस्कार 1500 रुपए रखे गए हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर क्षेत्र के लिए एक और महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### समापन कार्यक्रम में होगा अस्पताल भवन का भूमिपूजन

समापन कार्यक्रम के दौरान ग्राम रावस में प्रस्तावित अस्पताल भवन का भूमिपूजन भी किया जाएगा, जिसे ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है। ग्राम पंचायत सरपंच शिवलाल मंडावी ने बताया कि अस्पताल भवन के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।



## सात दिवसीय रोसेयो के विशेष शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत चौगेल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह 15 दिसंबर को हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह ने यह सिद्ध किया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवा शक्ति समाज में सेवा, संस्कार और समर्पण के मूल्यों को सशक्त रूप से स्थापित कर सकती है।

अतिथियों द्वारा सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं द्वारा ग्राम चौगेल में किए गए नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता जागरूकता, श्रमदान एवं जनसंपर्क कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की गई। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने ग्राम के नन्हे-मुन्ने बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया, जिससे ग्राम में सकारात्मक और उत्सवपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चौगेल की सरपंच विमला संजू नेताम द्वारा स्वयंसेवकों को टी-शर्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समापन दिवस पर ग्रामवासियों द्वारा महाविद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिए सामूहिक एवं स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई, जिसे सभी ग्रामीणों ने मिलकर तैयार किया यह ग्राम की एकजुटता और सहयोग भावना का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन संघ, ग्राम पंचायत चौगेल, उपसरपंच, ग्राम पटेल, ग्राम गायता, समस्त अतिथियों, ग्रामीणजनों, महाविद्यालय परिवार तथा शिविर की सफलता में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों व संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि पुसौउ राम मांडवी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने, विशिष्ट अतिथियों में उपसरपंच जुगल, फूल सिंह ताराम, राजीव श्रीवास, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राजेश तिवारी, गिरधारी नरेटी, तुषार ठाकुर, निकेश सिंह ठाकुर, संजू नेताम सहित ग्राम पंचायत चौगेल के समस्त वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक तथा महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## विकासखंडस्तरीय चिकित्सकीय दल को दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर।** जिले के प्राथमिक स्वा केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी व स्टाफ नर्स का रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत डाग बाइट, मंकी बाइट व अन्य रेबीड पशुओं के काटने के उपचार व प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण संपादित किया गया। रेबीज एक घातक वायरस है जो संक्रमित जानवरों के काटने या उनकी लार के संपर्क में आने से लोगों में फैलता है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक रेबीज हर साल हजारों लोगों की जान ले लेता है। इन मामलों में से लगभग 99 प्रतिशत मामले संक्रमित कुत्ते के काटने से होते हैं और एक बार जब किसी व्यक्ति में रेबीज के लक्षण दिखाई देने लगते हैं, तो उसकी मौत पक्की होती है। यह रोग इसलिए गंभीर माना जाता है, क्योंकि इसका कोई इलाज नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति को कुत्ता, बिल्ली, बन्दर, भालू कटता है या खरोंच मार दे तो काटे हुए स्थान को कम से कम 15 मिनट तक तुरंत साबुन और पानी से अच्छी तरह से धोएं व तत्काल स्वास्थ्य संस्था में जाकर रेबीज का निःशुल्क इंजेक्शन लगवाए। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ चिकित्सक व स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

